# फेरो ज्योति
गृह-पत्रक

# FERRO JYOTI
HOUSE JOURNAL

गृह-पत्रक
अक्टूबर 2016 - मार्च 2017

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

FERRO SCRAP NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Undertaking)

House Journal
Oct. 2016-March 2017


## माननीय इस्पात मंत्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला सम्पन्न




अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2016 का उद्घाटन माननीय इस्पात मंत्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह ने किया। इस उद्घाटन समारोह में इस्पात सचिव डॉ. अरूणा शर्मा, श्री बी.बी.सिंह, अध्यक्ष, एफएसएनएल एवं एमएसटीसी लि. के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक तथा श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक, एफएसएनएल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## माननीय इस्पात राज्य मंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा "फेरो ज्योति" का विमोचन




भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक 19 नवंबर, 2016 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड की गृह-पत्रिका ''फेरो ज्योति'' का विमोचन माननीय इस्पात राज्य मंत्री श्री विष्णु देव साय ने किया इस अवसर पर डॉ. अरूणा शर्मा, इस्पात सचिव, श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक, फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के अलावे श्री टी. श्रीनिवास, संयुक्त सचिव, सुश्री उर्मिला खाती, संयुक्त सचिव, श्री शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (रा.भा.) एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## हमारे नए अध्यक्ष



श्री बी.बी.सिंह द्वारा 24 जनवरी, 2017 को एफएसएनएल के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर एफएसएनएल परिवार की हार्दिक बधाई।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय मूल्यांकन उप-समिति द्वारा मूल्यांकन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय मूल्यांकन उप-समिति द्वारा दि. 28 दिसंबर, 2016 को निगमन कार्यालय, भिलाई में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन उप-समिति के आगमन पर राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा ''राजभाषा प्रदर्शनी'' लगाई गई। जिसका मूल्यांकन उप-समिति ने अवलोकन किया तथा समिति ने एफएसएनएल में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।




## प्रबंध निदेशक का संदेश



गृह-पत्रक ''फेरो ज्योति'' के माध्यम से एफएसएनएल परिवार को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष है।

2016-2017 के दौरान हमनें 26,42,224 **MT** मैटेलिक स्क्रैपकी रिकवरी एवं प्रोसेसिंग की हैं, हमनें 80,42,923 **MT** स्लैग हैंडलिंग एवं प्रोसेसिंग भी की है, जो एफएसएनएल के प्रारंभ से अब तक की उपलब्धियों में सर्वाधिक है।

एफएसएनएल अपने सहकर्मी साथियों के सहयोग से राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा प्रयास उत्पादन एवं उत्पादकता को कायम रखते हुए मानवीय सरोकार से जुड़े सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक अभिवृद्धि को भी आगे बढ़ाने का है।

इसी कड़ी में एफएसएनएल की हिंदी गृह पत्रिका ''फेरो ज्योति'' व्यर्थ से अर्थ उपार्जित करने वाले कर्मठ सृजनशील शिल्पकार सहकर्मी साथियों ने इन शिक्षाविद रचनाओं को अपनी लेखनी से रूपाकार किया है।

मैं ऐसे भावपूर्ण रचनाओं से भरे इस पत्रिका प्रकाशन से जुड़े लेखक एवं संपादक मंडल के सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूँ।

अंत में पत्रिका के अविराम प्रकाशन की समस्त शुभकामनायें।

**जय हिन्द**

**राजीब भट्टाचार्य**
**प्रबंध निदेशक**

## नराकास, भिलाई-दुर्ग द्वारा फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड को ''राजभाषा उत्तम पुरस्कार-2016'' तथा ''राजभाषा उन्नायक सम्मान-2016''

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग द्वारा राजभाषा के श्रेष्ठ क्रियान्वयन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम वर्ग में ''राजभाषा उत्तम पुरस्कार-2016'' प्रदान किया गया है । साथ ही फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड में राजभाषा नीति-निर्देशों के उत्तम क्रियान्वयन के लिए एफएसएनएल के प्रबंध निदेशक श्री राजीब भट्टाचार्य को राजभाषा उन्नायक सम्मान-2016 से नवाजा गया है। उपरोक्त दोनों पुरस्कार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग की 4 मार्च, 2017 को भिलाई में सम्पन्न 44 वीं बैठक -सह पुरस्कार वितरण समारोह में श्री हरीश सिंह चौहान, सहायक निदेशक(कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल द्वारा एफ एसएनएल के प्रबंध निदेशक श्री राजीब भट्टाचार्य को प्रदान किया गया । इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सभी सदस्य संस्थानों प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






# नराकास स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता




फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई के स्वर्ण जयंती सभागार में श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक के मुख्य आतिथ्य एवं उप-महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री के.एल. पटेल की अध्यक्षता में ''नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता'' दि. 17 मार्च, 2017 को सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यादायिनी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से उद्गार व्यक्त करते हुए श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक ने कहा कि- भाषा संवाद अदायगी का सशक्त माध्यम है, और हिंदी की खासियत है इसमें समझना और समझाना दोनों आसान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री के.एल. पटेल, उप-महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ने कहा कि- ''नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग द्वारा लिए गए निर्णयों का अनुपालन एफएसएनएल द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के मार्गदर्शी रूपरेखा का पूर्णरूपेण अनुपालन किया जाता है।''

नराकास स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्री प्रेम शंकर साहू, उप-अभियंता, जल संसाधन विभाग एवं श्री नेम सिंह साहू, शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रूआबांधा, डॉ. डी.पी.देशमुख, वरीय प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन/राजभाषा), सेल, रिफ्रैक्ट्री इकाई, भिलाई, श्रीमती निशा तिवारी, अखिल भारतीय कवियत्री, श्रीमती नीलम जायसवाल, कवियत्री एवं समाज सेविका ने सहयोग प्रदान किया।

श्री प्रेम शंकर साहू एवं श्री नेम सिंह साहू डॉ. डी.पी. देशमुख, श्रीमती निशा तिवारी, श्रीमती नीलम जायसवाल ने अपने-अपने विचार रखे एवं काव्य पाठ भी प्रस्तुत किया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक, फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा सम्मानित किया गया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के 52 सदस्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री छगन लाल नागवंशी, कार्यपालक (राजभाषा) ने किया।

लोहा गरम भले ही हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रह कर ही काम कर सकता है।

**- सरदार वल्लभ भाई पटेल**

द्वेष के प्रति निष्ठा सभी निष्ठाओं से पहले आती है और यह पूर्ण निष्ठा है क्योंकि इसमें कोई प्रतीक्षा नहीं कर सकता कि बदले में उसे क्या मिलता है।

**- लाल बहादुर शास्त्री**

चापलूसी का जहरीला प्याला आपको तब तक नुकसान नहीं पहुँचा सकता जब तक कि आपके कान उसे अमृत समझ कर पी न पाएँ।

**- प्रेमचंद**

# राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल द्वारा निरीक्षण

दिनांक 03 मार्च, 2017 को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य) भोपाल के सहायक निदेशक(कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष श्री हरीश सिंह चौहान द्वारा निगमन कार्यालय, भिलाई में राजभाषा नीति-निर्देशों के क्रियान्वयन की दिशा में किए जा रहे कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया।

सहायक निदेशक(कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष श्री हरीश सिंह चौहान ने निगमन कार्यालय, भिलाई में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों पर आधारित ''राजभाषा प्रदर्शनी'' का उद्घाटन विधिवत रूप से विद्यादायिनी माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने एफएसएनएल के सभी विभाग/अनुभागों के विभागवार प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा की तथा निरीक्षण के पश्चात श्री व्ही.व्ही.सत्यनारायण, उप-महाप्रबंधक(विधि) एवं प्रबंध निदेशक सचिवालय-समन्वय एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के साथ गहन राजभाषा संबंधी समीक्षात्मक बैठक ली। श्री हरीश सिंह चौहान ने एफएसएनएल द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए राजभाषा नीति-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन जारी रखने की हिदायत दी, जिसके लिए एफएसएनएल प्रबंधन ने अपनी कटिबद्धता दोहराई। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य ) भोपाल के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष श्री हरीश सिंह चौहान के साथ श्री प्रवीण कुमार रघुवंशी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा सम्मानित



क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) को एफएसएनएल से प्राप्त सहयोग एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए हाल ही में 16 दिसंबर, 2016 से 19 दिसंबर, 2016 के दौरान रायपुर में क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स पर सम्पन्न राष्ट्रीय सम्मेलन में एफएसएनएल के प्रबंध निदेशक श्री राजीब भट्टाचार्य को छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा एक स्मारिका फलक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले एफएसएनएल की क्वालिटी सर्किल टीम ''आकाश'' को उसके केस-स्टडी प्रेजेंटेशन हेतु ''उत्कृष्ट सम्मान'' से नवाजा गया।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

निगमन कार्यालय, भिलाई में दिनांक 27 एवं 28 मार्च, 2017 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई । जिनके विजेता/उप-विजेता इस प्रकार रहेः-

उपरोक्त विजेताओं को दि. 15/08/2017 को स्वतंत्रता दिवस समारोह में संस्थान के प्रबंध निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

| | विजेता | उप-विजेता |
|---|---|---|
| बैडमिंटन (युगल) | श्री दीपक तोमर | श्री एस.बी.सिंह |
| | श्री के.गिरीश कुमार | श्री बसंत कुमार बरहरे |

## नवीनतम वेबसाइट का शुभारंभ

एफएसएनएल का नवीनतम वेबसाइट आकर्षक पूर्णरूपेण द्विभाषी रूप में बनाया गया है, यह पहले हिंदी में खुलता है, उसके बाद अंग्रेजी में खुलता है । वेबसाइट नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है। दि. 31 मार्च, 2017 को संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री राजीब भट्टाचार्य ने संस्थान का नवीनतम वेबसाइट का उद्घाटन कर शुभारंभ किया ।

# राष्ट्रीय राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन




भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में एफएसएनएल द्वारा ''राष्ट्रीय राजभाषा संगोष्ठी'' का आयोजन दि. 12 जनवरी, 2017 को श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंधनिदेशक, एफएसएनएल एवं डॉ. विकास दवे, सदस्य, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, हिंदी सलाहकार समिति के विशेष आतिथ्य एवं श्री शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा विद्यादायिनी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं मंगल दीप प्रज्जवलन कर किया। स्वागत संबोधन श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि- ''राजभाषा का काम मित्रवत एवं अच्छे वातावरण में ही आगे बढ़ाया जा सकता है। हमें हिंदी में काम करने में झिझक नहीं होनी चाहिए। हिंदी में समझना और समझाना बहुत आसान है। काम-काज में लोगों को सरल और सुगम शब्दों का ही प्रयोग करना चाहिये। कठिन एवं अपरिचित शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकेंगे।''

डॉ. विकास दवे, सदस्य, भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय हिंदी सलाहकार समिति ने प्रथम सत्र में हिंदी वर्तमान परिदृश्य एवं संभावनाएं विषय पर अपना विषय प्रतिपादित किया। डॉ. बी.एम.तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक(राजभाषा) भिलाई इस्पात संयंत्र एवं सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग ने दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग, पत्राचार, फाईलों पर टिप्पणियॉं, मानक शब्दावलियॉं इत्यादि का अभ्यास परख जानकारी प्रदान किया। गूगल वॉयस टायपिंग और यूनिकोड पर व्यवहारिक जानकारी श्री अवधेश कुमार, कनिष्ठ प्रबंधक (प्रणाली विश्लेषक एवं कार्यक्रमक) ने जानकारी प्रदान किया। कार्यालयीन कामकाज में हिंदी के प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों एवं समाधान विषय पर श्री शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) ने कार्यालयीन कामकाज में हिंदी के प्रयोग में आने वाली कठिनाईयों एवं समाधान विषय पर जानकारी प्रदान की।

एफएसएनएल के राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से मनोरंजनात्मक राजभाषा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया सफल प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त राष्ट्रीय राजभाषा संगोष्ठी में इस्पात मंत्रालय के अधिकारी/कर्मचारी तथा इस्पात मंत्रालय के संबद्ध उपक्रमों के राजभाषा अधिकारी, एफएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी तथा नराकास, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के प्रमुखों, राजभाषा अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन श्री डी.चन्द्रशेखर, सहायक प्रबंधक(ईपीएस) ने किया और श्री छगन लाल नागवंशी, कार्यपालक (राजभाषा) ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संविधान दिवस मनाया गया

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए 26 नवंबर, 2016 को निगमन कार्यालय सहित सभी इकाईयों में संविधान दिवस मनाया गया। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई में श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



एफएसएनएल के पारिवारिक सदस्यों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ''स्वर्ण जयंती उद्यान'' में दि. 17 दिसंबर, 2016 को रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक, एफएसएनएल द्वारा विद्यादायिनी माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना तथा मंगल दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

श्रीमती चंदना भट्टाचार्य श्रीमती बर्नाली सेनगुप्ता ने रवीन्द्र संगीत, गिटार वादन श्री अभ्रदीप सेनगुप्ता, सिंथेसाइजर वादन बाल कलाकार हिमांशु नागवंशी ने प्रस्तुत किया । श्री दिलीप हरपाल एवं श्री रश्मी रंजन तारेनिआ द्वारा प्रस्तुत रिकार्डिंग नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन, रायपुर के आमंत्रित हास्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत हास्य प्रहसन ने दर्शकों को खूब हंसाया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य दर्शकों का मन मोह लिया। श्रीमती रंजना नोयल एवं सुश्री शिल्पी दास ने काव्य पाठ ने खूब तालिया बटोरी। श्री डी.चन्द्रशेखर ने फिल्मी गीत गाकर मंत्रमुग्ध किया वहीं श्री छगन लाल नागवंशी ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत गाकर खुब तालिया बटोरी।

सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री छगन लाल नागवंशी एवं सुश्री शिल्पी दास ने किया।



## उत्साहवर्धक रहा 'कौमी एकता' एवं ''साम्प्रदायिक सद्भावना सप्ताह''

एफएसएनएल, निगमन कार्यालय सहित सभी इकाईयों में साम्प्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय अखंडता को बढ़ावा देने के साथ-साथ साम्प्रदायिक, जातीय, वंशीय तथा आतंकवादी हिंसा के शिकार हुए बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक पुनर्वास में सहायता प्रदान करने तथा उन बच्चों की देख-रेख, शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर विशेष बल देने व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने और भारत के सम्मानजनक नागरिक बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सद्भावना अभियान का आयोजन 19-25 नवंबर, 2016 तक कौमी एकता सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस अवसर संस्थान की ओर से वित्तीय सहायता प्रदान की गई ।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

भारतीय थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना के बहादुर योद्धाओं ने मातृ-भूमि की रक्षा के लिए समय-समय पर अपने प्राणों की आहुति दी है। उन शहीदों की विधवाओं, आश्रितों एवं दिव्यांग हुए सैनिकों के पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान में 07 दिसंबर, 2016 को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया । इस अवसर पर संस्थान की ओर से वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

# फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड में गणतंत्र दिवस समारोह

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय में श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक द्वारा 26 जनवरी, 2017 को प्रातः झण्डोत्तोलन किया गया, परेड की सलामी ली गई एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर राजभाषा माह-2016 एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2016 के अवसर पर आयोजित हिंदी ज्ञान परीक्षा, हिंदी भाषण प्रतियोगिता, हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं सतर्कता निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा सतर्कता नारा लेखन प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री राजीब भट्टाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।






## एफएसएनएल के राउरकेला एवं दुर्गापुर इकाई को नराकास द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राउरकेला द्वारा एफएसएनएल के राउरकेला इकाई को वर्ष-2016 के लिए राजभाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अध्यक्षीय राजभाषा शील्ड राउरकेला इकाई के इकाई प्रमुख श्री अजीत कुमार मण्डल तथा इकाई के कार्मिक व प्रशासन प्रमुख श्री अतुल कुमार सिंह ने प्राप्त किया तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दुर्गापुर द्वारा एफएसएनएल के दुर्गापुर इकाई को वर्ष - 2016 के लिए राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रशस्ति-पत्र दुर्गापुर इकाई के इकाई प्रमुख श्री एस.के. पोलु एवं कार्मिक व प्रशासन प्रमुख श्री निगम तिवारी ने प्राप्त किया।

सेल, भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री एम. रवि द्वारा दिनांक 4 अक्टूबर, 2016 को इस्पात संयंत्र एवं एफएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारीयों की उपस्थिति में एफएसएनएल को प्रदत्त ''रिकवरी आफ आयरन स्क्रैप फ्राम भिलाई ब्लास्ट फर्नेस स्लैग डंप'' कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# राजभाषा कार्यशाला का आयोजन




कार्यालयीन कामकाज में विशेषकर तकनीकी क्षेत्र में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए एफएसएनएल, निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर, 2016 को राजभाषा कार्यशाला श्री राजीव भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक के मुख्य आतिथ्य, श्री के.एल.पटेल, उप-महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन), श्री व्ही.व्ही. सत्यनारायण, उप-महाप्रबंधक (विधि) एवं प्रबंध निदेशक सचिवालय-समन्वय के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

राजभाषा यूनिकोड पर आधारभूत जानकारी गूगल वॉयस टॉयपिंग प्रशिक्षण की जानकारी दिया गया।

राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभागियों के लिए मनोरंजक ''राजभाषा प्रश्न मंच'' का आयोजन किया गया । श्री राजीव भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक द्वारा श्री सौरभ राधेशाम थारेवाल,- प्रथम, श्री प्रभात कुमार सिंह- द्वितीय, श्री प्रभाकर सिंह ठाकुर- तृतीय, श्री रश्मि रंजन तारेनिआ, श्री अनिल कुमार साह, श्री विवेक कुमार पाण्डेय, श्री लिलार सिंह पटेल, सुश्री शिल्पी दास को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

दि.10 फरवरी, 2017 को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें 20 कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यालयीन कामकाज में हिंदी विषय पर डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष (हिंदी) तथा डॉ. ऋचा ठाकुर, प्राध्यापक(नृत्य) शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग ने हिंदी के कार्य में झिझक क्यों विषय पर जानकारी दिया।

मनोरंजनात्मक राजभाषा प्रश्न मंच भाग-1 के विजेता सुश्री शिल्पी दास-प्रथम, श्री प्रशांत कुमार साहू-द्वितीय, श्री अवधेश कुमार-तृतीय, श्री दीपक तोमर, श्री राजकुमार प्रसाद, श्री अमित सेनगुप्ता, श्रीमती लता अनिल एवं श्री सौरभ राधेशाम थारेवाल एवं भाग-2 के विजेता श्री डी.चन्द्रशेखर- प्रथम, श्री दीपक तोमर-द्वितीय एवं श्री प्रशांत कुमार साहू-तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## नगदहीन लेनदेन

एफएसएनएल के स्वर्ण जयंती सभागार में नगदहीन लेनदेन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगदरहित लेनदेनों का मतलब ऐसे सौदों से होता है जहॉं पर किसी वस्तु या सेवा को खरीदने के लिए भुगतान ''कैश'' के रूप में न करके ऑनलाइन तरीकों जैसे मोबाइल, बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, चेक, ड्राफ्ट या किसी अन्य तरीके से जैसे मोबाइल वॉलेट ***Paytm*** से होता है।

विमुद्रीकरण के बाद से ही देश में नगद लेनदेन के क्षेत्र में विविध बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। ऐसे में भारत सरकार ने विभिन्न वित्तीय संस्थानों को नगदहीन लेनदेन को प्रोत्साहित करने का कार्य सौंपा। इसी सिलसिले में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आन्ध्रा बैंक आदि बैंकों ने नगदहीन लेनदेन हेतु एफएसएनएल के निगमन कार्यालय के कार्मिकों हेतु नगदहीन लेनदेन के व्यवहारिक महत्व से अवगत करवाया गया ताकि भारत सरकार के नगदहीन लेनदेन के लक्ष्य को व्यावहारिक प्रोत्साहन मिल सके ।

# भारत सरकार, राजभाषा विभाग, संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन उदयपुर में सम्पन्न

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा मध्य एवं पश्चिमी क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, विवेकानंद सभागार, उदयपुर में दिनांक 30 जनवरी, 2017 को सम्पन्न हुआ।

## वेस्ट पेपर रिसाइक्लिंग प्लांट की स्थापना




फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय, भिलाई में अनुपयोगी कागजों को मशीन के द्वारा उपयोगी कार्यालयीन लेखन सामग्री तैयार करने हेतु वेस्ट पेपर रिसाइक्लिंग प्लांट की स्थापना की गई है।

पुनश्चक्रित कागज का प्रत्येक टन 17 पेड़, 4000 किलोवाट उर्जा, एवं 26,498 लीटर जल की बचत कर सकता है। यह 64 प्रतिशत उर्जा संरक्षण, 58 प्रतिशत जल संरक्षण, वायु प्रदुषण में 27 किलो की कमी को परिलक्षित करता है।






एफएसएनएल, निगमन कार्यालय में ''जलपान गृह'' का विधिवत रूप से उद्घाटन संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री राजीब भट्टाचार्य के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।



निगमित समाजिक उत्तरदायित्व योजना वर्ष 2016-17 के तहत् एफएसएनएल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में स्थित छः शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं के लिए पृथक शौचालयों का निर्माण कराया गया ।



अभिनंदन-पत्र

माननीय
प्रबंध निदेशक,
फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड
इक्विपमेंट चौक-भिलाई

शालेय शिक्षा विभाग
जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़

अभिनंदन-पत्र
फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड परिवार
को सादर समर्पित करता है।

-: शुभाकांक्षी :-
आशुतोष चावरे
जिला शिक्षा अधिकारी
शालेय शिक्षा विभाग, जिला-दुर्ग

## राष्ट्रीय एकता दिवस

एफएसएनएल के निगमन कार्यालय, भिलाई में दि. 31 अक्टूबर, 2016 को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' मनाया गया । इस अवसर पर श्री राजीब भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक ने सभी कार्मिकों को एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई ।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के सतर्कता विभाग द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर, 2016 से 5 नवंबर, 2016 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया ।**

सप्ताह के प्रथम दिन 31 अक्टूबर को एफएसएनएल के प्रबंध निदेशक श्री राजीव भट्टाचार्य द्वारा निगमन कार्यालय स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों को सतर्कता एवं सत्यनिष्ठ से कार्य करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान निगमन कार्यालय एवं एफएसएनएल के सभी इकाईयों में सत्यनिष्ठा के प्रोत्साहन एवं भ्रष्टाचार उन्नमूलन की दिशा में जन-सहभागिता जैसे कई मुख्य विषयों पर आधारित सतर्कता निबंध लेखन एवं सतर्कता नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

एफएसएनएल द्वारा जन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दुर्ग (छत्तीसगढ़) स्थित शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटकणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक सतर्कता निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी तरह का सतर्कता निबंध लेखन प्रतियोगिता केन्द्रीय विद्यालय, दुर्ग में भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। एफएसएनएल द्वारा इन प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कार भी वितरण किया गया। सतर्कता जागरूकता की दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए एफएसएनएल द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता संबंधी बैनर लगाए गए एवं आम जनता की जागरूकता हेतु पर्चे बांटे गये, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर 5 नवंबर को एफएसएनएल के निगमन कार्यालय में एक सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. विकास नायक, डिप्टी कलेक्टर, दुर्ग श्री राजीव भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक, एफएसएनएल की अध्यक्षता एवं प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन स्नेहा के विशेष आतिथ्य में गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई । डॉ. विकास नायक, डिप्टी कलेक्टर, दुर्ग ने सतर्कता से कार्य करने की विधि एवं इससे संबंधित कई मुद्दों पर अपने विचार प्रकट किए, बहन साक्षी द्वारा मानसिक संतुलन एवं विवेक से किस तरह सतर्क रहकर कार्य किया जाए, इस विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया।




मंचासीन डॉ. विकास कुमार नायक, डिप्टी कलेक्टर, दुर्ग, श्री राजीव भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक, एफएसएनएल तथा ब्रम्हकुमारी साक्षी, ब्रम्हकुमारी स्नेहा की गरिमामयी उपस्थिति में सभा को संबोधन

इस अवसर पर एफएसएनएल के प्रबंध निदेशक श्री राजीव भट्टाचार्य ने कहा कि एफएसएनएल की सभी विभागों में समस्त कार्य नियमानुसार किए जाते हैं जो सतर्कता जागरूकता की एक अनिवार्यता है। इस अवसर पर संस्थान के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




एफएसएनएल को मिला सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा प्रमाण-पत्र



केन्द्रीय विद्यालय, दुर्ग के विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित करते हुए




शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के छात्राओं को पुरस्कार वितरित करते हुए

''गाय को चारा खिलाने से
ग्रहदोष की पीड़ा दूर होती है।
पंछियों को दाना देने से
व्यवसाय में बढ़त होती है।
कुत्ते को रोटी देने से दुश्मन की
पराजय होती है।
चींटियों को शक्कर और आटे का
मिश्रण देने से
कर्ज कम होता है।
मछली को आटे की गोली
खिलाने से गयी हुई
संपत्ति वापस मिलती है।''

**– बसंत कुमार बरहरे**
**निगमन कार्यालय**

## तुम ही हो ज़म ज़म तुम ही हो गंगा

प्रकृति की अनमोल देन तुम ही हो ।
शीतलता का रूप तुम ही हो ।
जीवन की एक डोर तुम ही हो ।
सृष्टि का सौंदर्य तुम ही हो ।
तुम ही हो ज़म ज़म तुम ही हो गंगा ।।

तुम बिन जीवन संभव ना ना ।
तुम बिन वनस्पतियों का अस्तित्व भी ना ना ।
तुम बिन ऋतुओं का मोल भी ना ना ।
तुम बिन संसार का भविष्य भी ना ना ।।

तुम खुशियों कि लहर हो लाते ।
सभी धर्मों को पवित्र बनाते ।
सभी प्राणियों में आस जगाते ।
फलता फूलता जीवन लाते ।
तुम ही हो ज़म ज़म तुम ही हो गंगा ।।

**– अशोक मिश्रा**
**निगमन कार्यालय**

## बचपन के वो दिन.....

उठ जाता हूँ भोर से पहले सपने सुहाने नहीं आते,
अब मुझे स्कूल न जाने वाले बहाने बनाने नहीं आते ।
कभी पा लेते थे घर से निकलते ही मंजिल को,
अब मीलों सफर करके भी ठिकाने नहीं आते ।
मुँह चिढाती है खाली जेब महीने के आखिर में,
अब बचपन की तरह गुल्लक में पैसे बचाने नहीं आते ।
यूँ तो रखते हैं बहुत से लोग पलकों पर मुझे,
मगर बेमतलब बचपन की तरह गोदी उठाने नहीं आते ।
माना की जिम्मेदारियों की बेड़ियों में जकड़ा हूँ,
क्यूँ बचपन की तरह छुड़वाने वो दोस्त पुराने नहीं आते ।
बहला रहा हूँ बस दिल को बच्चों की तरह,
मैं जानता हूँ फिर वापस बीते हुए जमाने नहीं आते ।

**– पी.वर्गीस**
**निगमन कार्यालय**

''छाता बारिश को तो नहीं रोक सकता,
परंतु बारिश में खड़े रहने का हौसला
अवश्य देता है।
इसी प्रकार आत्म विश्वास सफलता की
गारंटी तो नहीं देता,
परंतु सफलता के लिए संघर्ष करने की
प्रेरणा अवश्य देता है।।''

**– अमित सेनगुप्ता**
**निगमन कार्यालय**

'' इस तरह न कमाओ कि पाप हो जाए।
इस तरह न खर्च करो कि कर्ज हो जाए ।
इस तरह न खाओ कि मर्ज हो जाए ।
इस तरह न बोलो कि क्लेश हो जाए ।
इस तरह न चलो कि देर हो जाए ।
इस तरह न सोचो कि चिन्ता हो जाए । ''

**– शशि भान सिंह**
**निगमन कार्यालय**

## पानी पिने का सही वक्त

3 गिलास उठने के बाद.....अंदरूनी उर्जा को एक्टीवेट करता है..
1 गिलास नहाने के बाद........ब्लड प्रेशर का खात्मा करता है..
2 गिलास खाने के 30 मिनट पहले ........हाजमे को दुरूस्त रखता है..
आधा गिलास सोने से पहले ..........हार्ट अटैक से बचाता है...

**– हरि प्रताप सिंह तोमर**
**निगमन कार्यालय**

## हंसी के पल

**व्यक्ति** : हिप्नोटिजम क्या है ?
**दूसरा व्यक्ति** : किसी आदमी पर अधिकार जमाना और उसे अपने इशारों पर नचाना
**व्यक्ति** : बकवास मत करो, उसे शादी कहते हैं।

**– डी.चन्द्रशेखर**
**निगमन कार्यालय**

देश के प्रति निष्ठा सभी निष्ठाओं से पहले आती है और यह पूर्ण निष्ठा है क्योंकि इसमें कोई प्रतीक्षा नहीं कर सकता कि बदले में उसे क्या मिलता है।

**– लाल बहादुर शास्त्री**

## नियुक्ति

| क्र. सं. | नाम सर्वश्री | पदनाम | नियुक्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | हेमन्त कुमार | उप–प्रबंधक(कार्मिक व प्रशासन) | 24.10.16 |
| 2. | के. सुरेश बाबू | सहायक महाप्रबंधक(संचालन) | 25.10.16 |
| 3. | एम. जी. मुखर्जी | सहायक महाप्रबंधक | 06.12.16 |
| 4. | निवेदित एस.माथुर | प्रबंधक(परि.अभि.एवं अभि.विकास) | 15.12.16 |
| 5. | पी.के.मोहंती | प्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन) | 04.01.17 |
| 6. | अशोक मिश्रा | कंपनी सचिव | 17.01.17 |

## श्रद्धांजलि

| क्र. सं. | नाम सर्वश्री | पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | सी.एन. सामन्ता | वरिष्ठ डी.पी.एल.प्रचालक– I I | 18.10.2016 |
| 2. | जनक राम | वरिष्ठ लान्सर गैस कटर– I | 04.11.2016 |
| 3. | कलिम खान | क्रेन प्रचालक– I | 23.01.2017 |
| 4. | बी.पी.कोले | वरिष्ठ सेपरेटर प्रचालक– I | 15.03.2017 |

## विशिष्ट कर्मी

एफएसएनएल, निगमन कार्यालय, भिलाई में माह अक्टूबर, 2016 में श्री एस.जी.सुब्रमणियम, कार्यपालक (सा. प्रबं.) नवंबर 2011 में श्री अरबिंद कहार, का.परि., दिसंबर, 2016 में श्री शैलेन्द्र कुमार, वरिष्ठ वाहन चालक, जनवरी, 2017 में श्री बसंत कुमार बरहरे, प्रधान सहायक, फरवरी, 2017 में श्री डी. सी. शेखर, सहायक प्रबंधक (ईपीएस), मार्च, 2017 में श्री प्रभात कुमार सिंह, कनिष्ठ प्रबंधक( परियोजना) संपूर्ण माह में समयनिष्ठ रहे अतएव निगमन कार्यालय, भिलाई के विशिष्ट कर्मी घोषित किए गए।


श्री डी.चन्द्रशेखर


श्री एस.जी.सुब्रमणियम


श्री अरबिंद कहार


श्री शैलेन्द्र कुमार


श्री बसंत कुमार बरहरे


श्री प्रभात कुमार सिंह

फेरो ज्योति गृह–पत्रिका में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। मौलिकता की सम्यक जिम्मेदारी रचनाकार की है।

## भावभीनी बिदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं

| क्र. सं. | नाम सर्वश्री | पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | एस.सी.पंडा | वरिष्ठ आटो मैकेनिक–I | 30.09.16 |
| 2. | सी.केरकेट्टा | वरिष्ठ मैकेनिक–I | 30.09.16 |
| 3. | ए.के.वर्मा | वरि.एसएफएम/वरि.टी.के.–I | 30.09.16 |
| 4. | आर.पी.बाउरी | वरिष्ठ क्रेन प्रचालक–I | 30.09.16 |
| 5. | पी.के.सरकार | वरिष्ठ क्रेन प्रचालक–I | 30.09.16 |
| 5. | एस.अप्पा राव | वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन | 30.09.16 |
| 6. | निरंजन प्रधान | वरिष्ठ क्रेन प्रचालक–I | 31.10.16 |
| 7. | एस.पी.मांझी | स. म.(परि.अभि.एवं अभि.व वि.) | 30.11.16 |
| 8. | एस.के.मंगराज | कार्यपालक-(वित्त व लेखा) | 30.11.16 |
| 9. | ए.के.भकत | वरिष्ठ स्कील्ड/मशीनिष्ट–I | 30.11.16 |
| 10. | सी.एस.भट्टाचार्य | भण्डार प्रभारी | 30.11.16 |
| 11. | अनुप मंडल | वरिष्ठ मैकेनिक–I | 30.11.16 |
| 12. | मुर्तजा खान | वरिष्ठ मैकेनिक–I | 30.11.16 |
| 13. | हराधन स्वाई | प्रधान सहायक | 30.11.16 |
| 14. | प्रशान्त मुखर्जी | वरिष्ठ मैकेनिक–I | 30.11.16 |
| 15. | तारा चन्द राम | एच.ई.एम.ई. प्रचालक | 31.12.16 |
| 16. | भानु प्रताप | वरिष्ठ आटो इलेक्ट्रीशियन–I I | 31.12.16 |
| 17. | मोहन लहरी | एच.ई.एम.ई. प्रचालक | 31.12.16 |
| 18. | एस.चक्रबर्ती | उप प्रबंधक (सा.प्र.) | 31.12.16 |
| 19. | टी.डी.पाल | मुख्य महाप्रबंधक(संचा.व अनु.) | 31.01.17 |
| 20. | बी.पंडित | एच.ई.एम.ई. प्रचालक | 31.01.17 |
| 21. | मोहन लाल | वरिष्ठ मैकेनिक–I | 31.01.17 |
| 22. | एच.एन.सिह | सहायक–I | 31.01.17 |
| 23. | एस.के.चक्रबर्ती | उप महाप्रबंधक (वि.व ले.) | 28.02.17 |
| 24. | शैलेन्द्र कुमार | वरिष्ठ चालक– I | 28.02.17 |
| 25. | जे.एफ.लाल | प्रधान सहायक | 28.02.17 |
| 26. | पी.के. राय | प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) | 28.02.17 |
| 27. | आर.एन.पात्रा | वरिष्ठ क्रेन/एक्सकावेटर प्रचा.–I | 28.02.17 |
| 28. | राम नक्षत्र | वरिष्ठ लांसर/गैस कटर–I | 28.02.17 |
| 29. | बी.डी.सतपति | वरिष्ठ क्रेन प्रचालक–I | 28.02.17 |
| 30. | ए. के. त्रिपाठी | प्रधान सहायक | 31.03.17 |
| 31. | एम.आर नायक | आशुलिपिक | 31.03.17 |
| 32. | डी.के. मिश्रा | प्रधान सहायक | 31.03.17 |
| 33. | पी.टी. अगस्तीन | वरिष्ठ क्रेन प्रचालक–I | 31.03.17 |
| 34. | एम. टी.राव | एच.ई.एम.ई.प्रचालक | 31.03.17 |

टीपः– शेष रचनाकारों की रचनाएं स्थानाभाव के कारण प्रकाशित नहीं हो पाई हैं।